समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# RBI ऐलान से पहले शेयर बाजार मे जोश, सेसेंक्स 300 अंक उछला, निफ्टी 24,700 के पार।

Publisher

Published on 05 Jun 2025



## फार्मा, हेल्थकेयर और रिलायंस जैसे दिग्गज शेयरों मे जोरदार खरीदारी ; एशियाई बाजारों मे मिला-जुला रुख।

**मुंबई :** भारतीय शेयर बाजार में आज गुरुवार को जोरदार तेजी देखने को मिली। शुक्रवार **6 जून को आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति** द्वारा **रेपो रेट** को लेकर होने वाले अहम ऐलान से एक दिन पहले निवेशकों का सेंटीमेंट मजबूत रहा। **बीएसई सेसेंक्स 300 अंकों** की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा, जबकि **निफ्टी 24,700** के पार निकल गया।

गुरुवार सुबह बाजार खुलते ही **सेसेंक्स 273.15 अंक चढ़कर 81,271.25** के स्तर पर पहुंचा और उसके बाद इसमें और तेजी आई। वहीं, **एनएसई का निफ्टी 50** शुरुआती कारोबार में 86.55 अंक ऊपर चढ़कर 24,706.75 पर पहुंच गया।

**किन सेक्टर्स मे दिखी मजबूती ?**

१. **फार्मा और हेल्थकेयर शेयरों मे अच्छी तेजी देखने को मिली।**

२. **Eternal (पूर्व मे Zomato) का शेयर लगभग 2% चढ़ा।**

३. **रिलायंस इंडस्ट्रीज, HDFC बैकं, टाटा स्टील, इंडसइंड बैकं जैसे दिग्गज शेयरों मे मंजबूत खरीदारी रही।**

**एशियाई बाजारों का हाल**

१. **जापान का निक्केई गिरावट के साथ बंद हुआ।**

२. **टोपिक्स इंडेक्स मे 0.5% की गिरावट रही।**

३. **दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.95% चढ़ा।**

४. **ऑस्ट्रेलिया का ASX 200 0.20% ऊपर बंद हुआ।**

### बुधवार को भी बाजार ने पकड़ी थी रफ्तार

तीन दिन की गिरावट के बाद बुधवार को भारतीय शेयर बाजार में तेजी लौटी। **BSE सेसेंक्स 261** अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी में 78 अंकों की तेजी आई। अमेरिका के सकारात्मक जॉब डेटा और **अमेरिका-चीन** के बीच व्यापार वार्ता की संभावना ने बाजार को सहारा दिया।

किस शेयर में कितना **उतार-चढ़ाव**?

बढ़त वाले शेयर:

१. **Eternal (Zomato) – 3.32% की तेजी**

२. **भारती एयरटेल**

३. **टेक महिंद्रा**

४. **टाटा मोटर्स**

५. **हिंदुस्तान यूनिलीवर**

**गिरावट वाले शेयर :**

१ . **बजाज फिनसर्व**

२ . **एक्सिस बैंक**

३ . **टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS)**

४ . **टाइटन**

५ . **लार्सन एंड टुब्रो (L&T)**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.